**आयोजन** आन-बान-शान से लहराया तिरंगा, शहपुरा सहित अमरपुर, उमरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

# देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा





**शहपुरा नवभारत 27 जनवरी।** नगर में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, गौरव और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। नगर में सुबह सबसे पहले विभिन्न विभागों के कार्यालयों में विभाग प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात शहीद स्मारक पर सेवानिवृत्त शिक्षक शंकरलाल यादव ने ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया, वहीं गांधी चौक पर जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने तिरंगा फहराया।

मुख्य समारोह वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम ग्राउंड शहपुरा में आयोजित हुआ, जहां स्थानीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात विधायक ने परेड की सलामी ली तथा पीटी प्रदर्शन और आकर्षक झांकियों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

### विद्यार्थियों ने मलखंभ का किया शानदार प्रदर्शन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन पर नर्मदांचल विद्यापीठ सीबीएसई स्कूल, बरगांव के विद्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश के राजकीय खेल मलखंभ का शानदार प्रदर्शन किया गया। रोमांचक और अनुशासित प्रदर्शन से पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने जनजातीय विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए भाजपा परिवार एवं स्थानीय नागरिकों की ओर से 21,000 रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### बरगांव में किया गया ध्वजारोहण

नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिसर देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर जनजाति कल्याण केंद्र के अध्यक्ष मनोहर लाल साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ केंद्र सचिव डॉ. सुनीलकांत बाजपेयी एवं प्रकल्प प्रमुख श्याम भाई की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भारतीय संविधान, नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेज़ी एवं संस्कृत भाषाओं में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। इसके साथ ही संविधान पर आधारित प्रेरणादायक नाटक, देशभक्ति नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों को उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहा।

## नौरोजाबाद नगर परिषद ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**नौरोजाबाद नवभारत 27 जनवरी।** जिले के नौरोजाबाद नगर परिषद द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने एक से बढ़कर एक रंगारंगा प्रस्तृतियां देकर मौके पर उपस्थित गणमान्यजनों सहित अन्य लोगों का मन मोहा, लोगों ने छात्रों की प्रस्तुतियों की सराहना भी की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री ज्ञान सिंह द्वारा ध्वज फहराकर एवं ध्वज को सलामी देकर की गई, तत्पश्चात नगर परिषद के द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस का पर्व नगर के रामलीला मैदान मे बृहद रूप में मनाया गया।

मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद ज्ञान सिंह द्वारा भारत माता के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई, तत्पश्चात मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव प्रसाद धुर्वे द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

नौरोजाबाद क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छात्र एवं छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति को देखकर उपस्थित जन समूह एवं अतिथि देशभक्ति के रंग में रंग गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों के द्वारा विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं को उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए, अतिथियों द्वारा शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### आनंद उत्सव के प्रतिभागी हुए सम्मानित

आनंद उत्सव में शामिल होने वाले विभिन्न प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान शील्ड और पशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष नाइम उल्ला बेग, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सतीलाल बैगा, बाबूलाल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव प्रसाद धुर्वे, इंजीनियर शिवराम, आकाश यादव, काली चरण महोबिया आदि उपस्थित रहे।


## चिल्हारी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया, विद्यार्थियों ने निकाली प्रभात फेरी

चिल्हारी नवभारत 27 जनवरी। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत लगभग सभी सरकारी संस्थाओं में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी स्कूलों के बच्चों ने सुबह से हाथों में तिरंगा झंडा लेकर गांवों की गलियों में प्रभात फेरी निकाली और झंडा ऊंचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा के देश भक्ति गीतों का गायन करते हुए पूरे गांव में फेरी लगाई। विद्यालयो में अभिभावक सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मेलन में ग्रामीण और अभिभावकों ने बच्चों के कला एवं संस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द उठाया तथा बच्चों को पुरस्कृत भी किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपुर का ध्वजारोहण विद्यालय के प्राचार्य पवन चतुर्वेदी द्वारा किया गया एवं विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई जो सराहनीय रही।

### प्राचार्य ने किया ध्वजारोहण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महरोई छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़छड़ में विद्यार्थियों ने अपनी कला एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की बेहतर व्यवस्था देखने को मिली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्हारी में ध्वजारोहण विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया।

## सीएचओ की तानशाही के चलते झाल में नहीं फहराया गया तिरंगा



**चिल्हारी नवभारत 27 जनवरी।** जिले के मानपुर विकासखंड के झाल उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सीएचओ हरीश लोहार गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व में अपनी तानाशाही में भूले बैठे कि सोमवार को हर कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ, जो नियमों को ताक में रखकर कार्य करते हैं राष्ट्रीय पर्व में भी वही रवैया अपनाये हुए है। ग्रामवासी कार्यालय के बाहर आकर राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाने का इंतजार करते रहे, लेकिन कार्यालय में ताला लटका रहा।

जिले के मानपुर विकासखंड के इंदवार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत झाल उपस्वास्थ केंद्र में पदस्थ सीएचओ हरीश लोहार की तानाशाही दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। वे पदस्थ तो झाल में है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की साठगांठ से वह भोलगढ़ उपस्वास्थ केंद्र मे कब्ज़ा लगभग पिछले तीन वर्षों से जमाये हुए है।

**चला रहे प्राइवेट क्लिनिक** सीएचओ झाल में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी सेवाएं प्रदान करने की जगह भोलगढ़ में रहकर ग्रामीण गर्भवती माताओं को बुलाकर प्राइवेट क्लिनिक चला रहे है, जबकि उपस्वास्थ केंद्र में आयरन सुकरोज की बॉटल चढ़ाने का नियम है, लेकिन हरीश लोहार नियमों को दरकिनार करते हुए अपनी मनमानी करने पर तुले हुए है। विभागीय अधिकारियों की शह से तानाशाही रवैया अपनाये हुए है, यदि पिछले एक वर्ष की जांच की जाये कि प्रत्येक माह में कितनी गर्भवती माताओं को माहवार आयरन सुकरोज की बॉटल चढ़ाई है तो सारी जानकारी सामने आ जाएगी।



**गर्भवती को आयरन सुकरोज चढ़ाने का लेते है 50 रुपये**-शासन द्वारा गरीब गर्भवती माताओ को जिनका हीमोग्लोबिन कम है उनको कम से कम 4 डोज आयरन सुकरोज की बॉटल चढ़ाने की सुविधा प्रदान करती है, परन्तु सीएचओ द्वारा पैसे की मांग की जाती है। गरीब महिलाओं के पास पैसे नहीं होने पर उनको बॉटल नहीं चढ़ाई जाती, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कुछ समय पूर्व ग्राम झलवार की एक गर्भवती की रक्त अल्पता के कारण मृत्यु हो गई थी। विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से यह मामला रफा दफा कर दिया गया।

**वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप**-उपस्वास्थ्य केंद्र झाल में कई वर्ष पूर्व से जो राशि खर्च करने को दी गई हरीश लोहार द्वारा उस राशि को निजी हित में खर्च कर लिया जाता है। लाखों रूपए का गबन इनके द्वारा किया गया है। इनके रवैये से परेशान ग्रामीण अब कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर सम्पूर्ण जांच का आग्रह करेंगे, यदि कार्यवाही नहीं होगी तो सामूहिक रूप से आमरण अनशन प्रारम्भ किया जायेगा।

## पेट्रोल पंप में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**चिल्हारी।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम अमरपुर के नायरा पेट्रोल पंप संचालक दादू शिवप्रताप सिंह एवं पंकज सिंह परिहार के कुशल नेतृत्व में नायरा पेट्रोल पंप से लेकर अमरपुर बस स्टैंड तक सैकड़ों की तादाद में ट्रेक्टर एवं बाइक रैली निकाल कर राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में पेट्रोल पंप के सभी कर्मचारियों के साथ साथ सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण उपस्थित रहे। रैली के समापन पर पेट्रोल पंप पर सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया।

## मां की ममता का बखान नहीं किया जा सकता : तिवारी

▶ बिरासिनी माता मंदिर में देवी पुराण कथा एवं शतचंडी पंचकुण्डीय महायज्ञ का समापन

**नौरोजाबाद नवभारत 27 जनवरी।** जिले के नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन से महज दो किलोमीटर दूर ग्राम निपनियां में स्थित धरतिन माता मंदिर सेमरहा धाम में देवी पुराण का आयोजन चल रहा है। इसकी शुरुआत कलश यात्रा के साथ 19 से हुई।

इसमें देवी महापुराण के साथ शतचंडी महायज्ञ हो रहा है, जिसमें रोजाना हजारों भक्त यज्ञशाला की परिक्रमा करते हुए अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं। धरतिन देवी मंदिर में देवी पुराण कथा वाचक संदीप तिवारी महाराज द्वारा 9 दिनों तक चलने वाली कथा में नवम दिवस की कथा में माता के स्वरूपों का बड़े ही सरल ढंग से वर्णन कर बताया गया कि मां का स्वरूप अपार है और मां की ममता का बखान नहीं किया जा सकता। पुत्र कुपुत्र हो सकता है, लेकिन माता कुमाता नहीं हो सकती।

### भंडारे का हुआ आयोजन

गुरु ने सभी भक्तों को नौ दिवसीय बड़े अच्छे तौर तरीके से कथा श्रवण करने और समिति द्वारा सेवा भाव से सेवा करने हेतु अपना आशीर्वाद प्रदान किया। नवम दिवस की कथा संदीप तिवारी महाराज द्वारा विस्तार से समझाई गई, जिसको सुनकर श्रोताओं ने सुनकर ज्ञानगंगा में डुबकी लगाई। विशाल भंडारे के साथ देवी पूराण का समापन हुआ।

## नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 7 को

**डिंडौरी, नवभारत।** जवाहर नवोदय विद्यालय सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 7 फरवरी शनिवार को किया जाएगा। यह परीक्षा जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों में सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक संपन्न होगी। चयन परीक्षा के लिए जिले में कन्या शिक्षा परिसर डिण्डौरी, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डिण्डौरी तथा पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव, जिला डिण्डौरी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपना प्रवेश पत्र जवाहर नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर लें।

## कौशल भारत योजना एवं एमएसएमई के हितों पर संकट

▶ संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट के ठेकेदारों ने केंद्रीय मंत्री से की हस्तक्षेप की मांग



**नौरोजाबाद नवभारत 27 जनवरी।** प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई कौशल भारत योजना और एमएसएमई सशक्तिकरण के उद्देश्यों के विपरीत कार्य होने का आरोप लगाते हुए संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट, बिरसिंहपुर पाली में कार्यरत ठेकेदारों एवं एजेंसियों ने केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है।

ठेकेदार संघ का आरोप है कि मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) मुख्यालय जबलपुर द्वारा छोटे और बड़े कार्यों की निविदाओं को मिलाकर मेगा कॉन्ट्रैक्ट बनाए जा रहे हैं। इससे सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को मिलने वाले आरक्षण और लाभ में भारी क्षरण हो रहा है। संघ का कहना है कि अब तक एमएसएमई प्रमाण पत्रों के माध्यम से निविदाओं में भाग लेकर कई परिवारों का भरण-पोषण हो रहा था, लेकिन नई व्यवस्था से छोटे ठेकेदारों को बाहर किया जा रहा है।

### एमएसएमई ठेकेदारों का अस्तित्व संकट में

पत्र में आरोप लगाया गया है कि एमपीपीजीसीएल के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह के नेतृत्व में बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की दिशा में नियम व शर्तें तैयार की जा रही हैं, जिससे स्थानीय एमएसएमई ठेकेदारों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। ठेकेदारों का कहना है कि यह स्थिति प्रधानमंत्री की कौशल भारत और एमएसएमई प्रोत्साहन योजनाओं की भावना के खिलाफ है।

### ठेकेदारों ने दी हड़ताल की चेतावनी

ठेकेदार संघ ने केंद्रीय मंत्री से मांग की है कि इस तरह की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए और एमएसएमई धारक सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के हितों की रक्षा की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि विभाग द्वारा सात दिवस के भीतर उचित कदम नहीं उठाए गए, तो ठेकेदार संघ सामूहिक हड़ताल, रैली और भूख हड़ताल जैसे कदम उठाने को मजबूर होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रबंधन पर होगी।

## नर्मदा उत्सव स्थल से 150 मीटर दूर जल उठी ट्रैक्टर ट्रॉली



**डिंडोरी ,नवभारत 27 जनवरी।** नगर परिषद डिंडोरी की संदेहास्पद कार्यप्रणाली एक बार पुन: सुर्खियों में है। दरअसल दो रोज पूर्व ही जब संपूर्ण देश गणतंत्र दिवस मना रहा था, ठीक उसी रोज नगर के वार्ड क्रमांक 10 में फिल्टर प्लांट के सामने मां नर्मदा के तट पर एकत्रित किए गए कचरे के ढेर में किन्हीं असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी गई, जिसके चलते नजदीक ही खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में आग लग गई और वह धू-धू कर जलने लगी।

फिल्टर प्लांट पर खड़े कर्मियों ने जैसे ही धुंआ उठते देखा तो फायर ब्रिगेड लेकर आग बुझाने पहुंच गए, लेकिन इतना सब होने के बावजूद एक सवाल छोड़ गए कि जब तीन रोज पूर्व ही डैमघाट स्थल में मां नर्मदा जन्मोत्सव मनाने जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थी तो उत्सव स्थल से महज 150 मीटर की दूरी से कचरा क्यों नहीं हटाया गया? तस्वीरों में साफ तौर पर देख सकते हैं कि जहां कचरे के ढेर में आग लगी वहीं चौपाए खड़े होकर कचरे में सिमटी गंदगी को निगल रहे थे।

## जनसुनवाई में कई मामलों का किया गया त्वरित निराकरण

**डिंडौरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई में जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान विभिन्न विकासखंडों से प्राप्त कुल 70 आवेदनों पर सुनवाई की गई, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया गया। शेष प्रकरणों में आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित करते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई के दौरान ग्राम विचारपुर मुड़की निवासी उर्मिला मरावी ने मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत मृतक पति की अनुग्रह राशि दिलाए जाने की मांग की। वहीं समनापुर की ग्राम पंचायत धुरकुटा अंतर्गत छोटू दिवान टोला कांदावानी के ग्रामीणों ने मिनी आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने की मांग रखी।

## आश्रम समिति कर रही परिक्रमावासियों की सेवा



▶ स्वास्थ्य सेवा भी करा रही उपलब्ध

**अमरपुर नवभारत 27 जनवरी।** अमरपुर मुख्यालय में लम्बे समय से मां नर्मदा परिक्रमा सेवा आश्रम समिति अमरपुर द्वारा मानव सेवा को सर्वोपरि रखते हुए परिक्रमावासियों की सेवा करने का बीड़ा उठाया गया है, जो लम्बे समय से अनवरत जारी है।

सेवा आश्रम समिति के सदस्य मां नर्मदा की परिक्रमा करने वाले संतों एवं परिक्रमावासियों की सेवा में सदैव अपने आपको तत्पर रखते हैं। समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि मां नर्मदा की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालु परिक्रमावासी जो भी इस मार्ग से परिक्रमा करते हैं उन सभी को समिति के सदस्य भोजन उपलब्ध करने के साथ ही स्वच्छ पानी की व्यवस्था भी कर रहे है। समिति सदैव यह ध्यान रखती है कि किसी भी परिक्रमावासी को स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी तो नहीं है। अगर परिक्रमावासी को स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी हो रही है तो उसका त्वरित उपचार समिति के सदस्यों द्वारा कराया जाता है।

**समिति को किया गया सम्मानित**-सेवा आश्रम समिति अमरपुर के सदस्य विगत 5 वर्षों से निरंतर परिक्रमावासियों की सेवा कर रहे हैं। समिति के सदस्यों द्वारा दी जाने वाली सेवा का सम्मान गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया गया है। सांदीपनी विद्यालय अमरपुर द्वारा समिति के सदस्यों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जानकारी के अनुसार सर्व समाज द्वारा सेवाश्रम समिति का संचालन किया जा रहा है।

## बिछिया स्पाईकर की टीम बनीं विजेता



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत जलेगांव के मिर्चा टोला में तीन दिवसीय पुरखा पेनवासी ग्रामीण स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की लगभग 18 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच रायसिंह नेताम द्वारा किया गया। आयोजित ग्रामीण स्तरीय ब्हालीवाल प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान बिछिया स्पाईकर, द्वितीय स्थान छिलछिला टोला खितगांव एवं तृतीय स्थान खितगांव टीम ने हासिल किया।

